# ARMY WELFARE EDUCATION SOCIETY

## WRITTEN TEST PAPER FOR TEACHERS SELECTION: 09 DEC 2012

## PART-'B' : HINDI (TGT) : SUBJECT CODE : (T12)

## GENERAL INSTRUCTIONS

1. DO NOT open this booklet until you are asked to do so.

2. FILL SCHOOL CODE, REGN NUMBER ON OMR ANSWER SHEET CAREFULLY AND SIGN ON THE RIGHT BOTTOM CORNER OF OMR SHEET.

3. Total duration of the test is 2 Hours and Maximum Marks are 120.

4. There are a total of 90 multiple choice questions. Fill up serial 1 to 90 of OMR All questions are objective type. All questions carry equal marks. Question 91 A & B are Essay type, each carry ing 15 marks (Total 30 marks), to be answered on separated sheet provided with the questions book let.

5. DO NOT write anything on this question booklet.

6. After the test, please return this booklet along with OMR-Answer sheet and handwritten answer sheet to the invigilator.

7. You are not allowed to leave the examination hall before 1300h.

**Instructions for filling the OMR Sheet**

8. Read instructions printed on the OMR Sheet carefully before answering. Each item has four choices; A, B, C and D. Each choice is denoted by a circle. Shade the appropriate circle using Blue/Black Pen. Be absolutely sure of your option before shading the circle since you are not permitted to erase your response once shaded. More than one response will make your answer invalid. There is NEGATIVE MARKING for wrong answer.

**Rough Work**

9. For any rough work use the separate sheet provided along with the text booklet. DO NOT do any rough work on the answer sheet or any other paper.

# PAPER - B
# WRITTEN TEST PAPER FOR SELECTION OF TEACHERS : CSB 2013
# HINDI(TGT) : SUBJECT CODE : T12

1. किस कवयित्री को आधुनिक युग की मीरा कहा जाता है?
   A शकुन्तला B सुभद्रा कुमारी चौहान
   C महादेवी वर्मा D मीराबाई

2. बिहारी की रचनाओं में किस रस की प्रधानता है?
   A भक्ति रस B वात्सल्य रस
   C श्रृंगार रस D विभत्स रस

3. प्रकृति-प्रेमी कवि किस को कहा जाता है?
   A विद्यापति B बिहारी
   C सूरदास D सुमित्रानंदन पंत

4. 'ईदगाह' कहानी के रचनाकार कौन है?
   A जयशंकार प्रसाद B प्रेमचंद
   C सुदर्शन D चतुर्सेन शास्त्री

5. 'तुम कब जाओगे अतिथि' के रचनाकार कौन हैं?
   A धीरंजन मालवे B रामविलास शर्मा
   C यशपाल D शरद जोशी

6. 'पगड़ी उतारना' मुहावरे का अर्थ है-
   A अपमान करना B अहंकार करना
   C सम्मान करना D आग्रह करना

7. 'अनाहूत' का विलोम शब्द है-
   A अहूत B आहूत
   C नाहूत D हत

8. इन में से कौन सा शब्द अंग्रेजी भाषा का नहीं है?
   A टिफिन B फाइल
   C साइकिल D सड़क

9. इन में से कौन सा शब्द अशुद्ध नहीं हैं
   A उज्जवल B चिह्न
   C सन्यासी D आर्शीवाद

10. 'एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय' पंक्ति किस कवि द्वारा रचित है?
    A कबीरदास B सूरदास
    C रैदास D रहीमदास

11. कौन सा शब्द उदधि का पर्यायवाची नहीं हैं?
    A वारिधि B जलधि
    C सागर D जलद

12. 'एक पत्र-छाँह भी माँग मत, माँग मत' यह पंक्ति किस कवि की है?
    A अरुण कमल B हरिवंशराय बच्चन
    C रैदास D सियाराम शरण गुप्त

13. किस वाक्य में करणकारक का प्रयोग नहीं हुआ?
    A बच्चा पेड़ से गिरता है B मोहन पैन से लिखता है।
    C मैं मेट्रो से घर पहुंची। D राम ने मोहन से पत्र लिखवाया।

14. कौन सा वाक्य अकर्मक क्रिया का है?
    A राम पत्र लिखता है B बच्चा जोर जोर से रो रहा है।
    C रीना पुस्तक पढ़ती है। D तुम क्या खा रहे हो?

15. 'मालिक नौकर से सामान मंगवाता है' में कौन सी क्रिया है?
    A द्विकर्मक B प्रेरणार्थक
    C सकर्म D अकर्मक

16. शुद्ध वर्तनी वाला रूप है-
    A अत्याधिक B अतिअधिक
    C अत्यधिक D अतयाधिक

17. 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची है-
    A नभ B विहग
    C अज D घोटक

18. 'अमृत' शब्द के सही अनेकार्थी रूप हैं-
    A नीर, सिंधु B अन्न, जल
    C जल, अमर D वारि, नीर

19. 'सत्यवादी गांधी जी इतिहास में सदैव उल्लेखनीय रहेंगे'। वाक्य के उद्देश्य छांटिए-
    A सत्यवादी गांधी B सत्यवादी
    C सत्यवादी गांधी जी D सत्यवादी गांधी जी इतिहास में

20. 'तेजस्वी' शब्द का सही विलोम शब्द छाँट कर लिखिए।
    A विक्षिप्त B सुन्दर
    C कान्तियुक्त D तेजहीन

21. 'उन्नत' शब्द में उपसर्ग है-
    A अन B उत्
    C उन् D उत

22. 'यह काम मैं आप कर लूंगा' में आप शब्द है-
    A संबंधवाचक सर्वनाम B पुरूषवाचक सर्वनाम
    C निश्चयवाचक सर्वनाम D निजवाचक सर्वनाम

23. 'सादर' शब्द में कौन-सा समास है-
A तत्पुरूष B बहुव्रीहि
C अव्ययीभाव D द्वन्द्व

24. जहाँ जाना कठिन हो-
A अगम्य B दुर्गम
C कष्टपूर्ण D कठिनतम

25. परदेश में रहने वाला व्यक्ति ........................... कहलाता है
A परदेसी B प्रवासी
C विदेशी D अन्तेवासी

26. निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए प्रत्येक वाक्य में 'विलोम' से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सहीं विकल्प छांटिए-
प्रेम तो सबसे भला, किन्तु........................ किसी के साथ भी अच्छी नहीं
A वैर B घृणा
C दुश्मनी D विराग

27. उसका बड़ा भाई तो उदार है परंतु वह स्वयं अत्यधिक .............. है।
A संकीर्ण B विनीत
C सुशील D विनयी

28. जीवन क्षणिक है और ईश्वर .............................. है।
A अमर B सार्थक
C शाश्वत D अजर

29. 'आर्थिक' में सही प्रत्यय कौन-सा है?
A धिक B ईक
C इक D क

30. 'तालाब' शब्द का पर्यायवाची चुनकर लिखिए
A सागर B सर
C जलोद D सुमन

31. 'अनुकूल' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
A विपक्ष B दुकूल
C प्रतिकूल D दुर

32. 'जो अनुकरण करने योग्य हों' के लिए एक वाक्यांश लिखिए-
A अनुसार B अनुसरण
C अनुकार्य D अनुकरणीय

33. रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं?
A तीन B चार
C छः D दो

34. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य चुनिए।
A गली में शोर हुआ और सब लोग बाहर आ गए।
B वह कुछ दिन गांव में रहकर सबका प्रिय हो गया।
C वहां स्थित छोटे से गांव के चारों और जंगल था।
D वह काली भैंस, जो खेत में चर रही थी, मोहन की थी।

35. रेखांकित पदबंध का नाम चुनिए-
<u>'कक्षा के छात्रों में से'</u> कुछ आगरा भ्रमण के लिए जा रहे हैं
A सर्वनाम पदबंध B विशेषण पदबंध
C संज्ञा पदबंध D क्रिया विशेषण पदबंध

36. शब्द 'पद' कब बन जाता है?
A जब स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग हो
B जब वह वाक्य का महत्वपूर्ण शब्द हो
C जब वह वाक्य में व्याकरण के नियमों के साथ प्रयुक्त हो
D जब वह शब्द पद कहलाए

37. 'रामायण' में कितने कांड हैं
A 7 B 6 C 5 D 4

38. अयोध्या नगरी किस नदी के किनारे है?
A सरयू B गंगा C गोमती D यमुना

39. निम्न में से कौन सा क्रम सही है?
A बाल कांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड
B युद्ध कांड, आदि कांड, अरण्य कांड, अयोध्या कांड
C सुन्दर कांड, अरण्य कांड, आदि कांड, युद्ध कांड
D अरण्य कांड, आदि कांड, युद्ध कांड, सुन्दर कांड

40. निम्नलिखित शब्द के संधि-विच्छेद में सही का निशान लगाइए-
अत्यावश्यक
A अत्य + आवश्यक B अत्या + आवश्यक
C अति + आवश्यक D अती + आवश्यक

41. 'इतिहास' के सही विशेषण पर सही का निशान लगाइए-
A इतिहासकि B ऐतिहासिक
C इतिहासी D ऐतिहास

42. हनुमान की शक्तियों को किस ने जगाया?
A राम ने B लक्ष्मण ने
C सुग्रीव ने D जामवंत ने

43. रामायण की रचना किस ने की?
A तुलसीदास B कबीरदास
C वाल्मीकि D सूरदास

44. गीता में कितने अध्याय है?
A 9 B 18 C 16 D 14

45. महाभारत के रचनाकार कौन हैं?

A श्रीकृष्ण B वासुदेव

C वेदव्यास D तुलसीदास

46. चंदगुप्त मौर्य के गुरू कौन थे?

A विष्णु प्रभाकर B चाणक्य

C गुरू कृपाचार्य D आचार्य सुखदेव

47. 'प्रत्यक्ष' शब्द का विलोम है-

A आक्रोश B निष्पक्ष

C विपक्ष D परोक्ष

48. 'पैर' शब्द का पर्यायवाची नहीं है

A पग B पद

C डग D तीनों पर्यायवाची हैं

49. 'हर' शब्द का अनेकार्थक रूप है-

A शिव B प्रत्येक

C हरण D उपर्युक्त तीनों

50. 'कल' शब्द का अनेकार्थक रूप नहीं है-

A मशीन B चैन

C बीता हुआ दिन D अकल

51. प्रेमचन्द की प्रसिद्ध पुस्तक 'सोजेवतन' को ब्रिटिश सरकार द्वारा कब जब्त किया गया?

A 1906 B 1908

C 1909 D 1910

52. शब्द में जिस अक्षर पर बल दिया जाता है उसे क्या कहते हैं?

A प्रतिघात B बलाघात

C कुठाराघात D इनमें से कोई नहीं

53. विश्व में लगभग कितनी भाषाएं हैं?

A 2000 B 3000

C 4000 D 1000

54. कामायनी के रचयिता कौन है?

A रामधारी सिंह दिनकर B हरिवंश राय बच्चन

C जयशंकर प्रसाद D मैथिलीशरण गुप्त

55. कबीर के दोहों की रचना किस भाषा में हुई है?

A अवधी B ब्रज

C सधुक्कड़ी D खड़ी बोली

56. कबीर के पुत्र व पुत्री का क्या नाम था?

A कमाल व कमाली B सुनाल व सुनाली

C जमाल-जमाली D तेनाल-तेनाली

57. छायावाद के प्रमुख कवि कौन हैं?

A सूरदास B सुमित्रानदन पंत

C विद्यापति D आचार्य चिंतामणि

58. 'भारत-भारती' के रचयिता निम्न में से कौन थे?

A माखनलाल चतुर्वेदी B मैथिलीशरण गुप्त

C गोपाल शरण सिंह D बालकृष्ण शर्मा नवीन

59. प्रेमचंद की पहली हिन्दी कहानी का क्या नाम था?

A बूढी काकी B मंत्र

C पंच परमेश्वर D ठाकुर का कुँआ

60. इनमें से कौन-सी रचना तुलसीदास की नहीं है?

A रामललानहछू B राम की शक्तिपूजा

C जानकीमंगल D रामचरितमानस

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (61-70)**

शिशु में स्वावलंबन के भाव को जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। पराश्रित रहने की आदत से व्यक्ति अपंग हो जाता है। जो स्वयं अपनी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर आश्रित रहेगा, वह दूसरों के हित के लिए क्या कर सकेगा? स्वावलंबन का गुण शिशु में स्वत: ही नहीं आ जाता, इसके लिए सुनियोजित शिक्षा-पद्धति अपरिहार्य है। शिशु को यदि हम राष्ट्र की अमूल्य निधि के रूप में देखना चाहते हैं तो उसे एक ऐसा आदर्श वातावरण प्रदान करना पड़ेगा, जिसमें निर्बाध गति से उसका चहुँमुखी विकास हो सके। स्वच्छ, शांत, भयमुक्त और स्वास्थ्यप्रद वातावरण में ही शिशु की कोमल भावनाएं सुरिक्षत रह सकती हैं। शिशु की सुकोमल भावनाओं को आघात पहुंचाना सामाजिक अपराध है। राष्ट्र का यह पुनीत कर्तव्य है कि वह प्रत्येक बालक को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराए कि उसमें हीन भावना न पनपने पाए। हीन भावना से ग्रसित शिशु बड़ा होने पर समाज के प्रति अपने कर्तव्य का सही रूप में निर्वाह नहीं कर सकता। यही उपयुक्त अवस्था है, जिसमें हम बच्चे को संकीर्णता से उबार सकते हैं। उसके अंदर से 'मेरे' और 'अपने' के भाव को हटाकर 'हमारा' और 'हमारी' के भाव पैदा करना जरूरी है। हमारी शिक्षा, हमारा गांव, हमारा समाज, हमारा देश आदि भाव जागने से सोचने-समझने और काम करने के दृष्टिकोण में व्यापकता आ जाएगी। इससे शिशु में आध्यात्मिक चेतना भी जागेगी, उसका नाता पूर्वजों से और देश की मिट्टी से भी जुड़ेगा और उसके अंत:करण का विकास होगा। इसी से शिशु घर का दीप और दुनिया का दिवाकर बनेगा। स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता दोनों का वास्तविक अर्थ एक ही है। वह अर्थ है अपना अवलंब अर्थात् आश्रय या सहारा आप बनना, किसी दूसरे पर बोझ न बनकर या निर्भर अर्थात् आश्रित न रहकर अपने-आप पर निर्भर या आश्रित रहना। इस प्रकार दोनों शब्द परावलंबन या पराश्रिता त्यागकर, स्वयं परिश्रम करके, सब प्रकार के दुख-कष्ट सहकर भी अपने पैरों पर खड़े रहने की शिक्षा और प्रेरणा देने वाले शब्द हैं। संसार में परावलंबी यानि दूसरों पर आश्रित होना या निर्भर रहना एक प्रकार का पाप, सर्वाधिक हीन कर्म और आदमी के अंत:बाह्य व्यक्तित्व

को एकदम हीन तथा बौना बनाकर रख देने वाला हुआ करता है। पराश्रित या परावलंबी को हमेशा आश्रय, आधार देने वालों के अधीन बनकर रहना पड़ता है। उनके इशारों पर नाचने की बाध्यता और विवशता रहा करती है। उनकी अपनी इच्छा पहले तो होती ही नहीं, होने या रहने पर भी उसका कोई मूल्य और महत्व नहीं रहा करता। वह चाह कर भी उसके अनुसार न तो कार्य ही कर सकता है और न उसे कभी पूर्ण होते हुए ही देख सकता है। तनिक-सी इच्छा और बात के लिए उसे पराया मुंह देखना पड़ता है। अपना मन जान-बूझकर मारना पड़ता है। इसी कारण पराधीनता या परावलंबन को घोर पाप और निकृष्ट माना गया है। इसके विपरीत स्वाधीनता एवं स्वावलंबन को स्वर्ग का द्वार, पुण्य-कार्यों का परिणाम और सब प्रकार से श्रेष्ठ स्वीकार किया गया है।

61. स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता दोनों का वास्तविक अर्थ क्या है?
   A दूसरे का सहारा बनना
   B किसी दूसरी पर बोझ डाल देना
   C अपने-आप पर निर्भर रहना
   D अपना काम दूसरों से कराना

62. ये दोनों शब्द क्या शिक्षा देते हैं?
   A पराश्रित बनकर जीने की शिक्षा
   B परावलंबन या पराश्रिता त्यागकर अपने पैरों पर खड़ा होना
   C परावलंबी न बनने की शिक्षा
   D परावलंबी न बनकर पराश्रित होना

63. परावलंबी जीवन कैसा होता है?
   A सम्मान की जीवन
   B अकर्मण्य होकर जीना
   C हीन और बौना बना देने वाला
   D दूसरों की सेवा करके जीने वाला

64. स्वाधीनता एवं स्वावलंबन कैसा द्वार है?
   A जीवन का श्रेष्ठ द्वार
   B सफलता देने वाला द्वार
   C स्वर्ग का आभास देने वाला द्वार
   D स्वर्ग का द्वार, पुण्य कर्मों का परिणाम

65. इस गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।
   A स्वावलंबन : स्वर्ग का द्वार
   B स्वावलंबन या परावंबन
   C संसार में परावलंबन
   D स्वावलंबी जीवन

66. स्वावलंबी होना क्यों आवश्यक है?
   A स्वावलंबी न होना आलसी बनाता है।
   B स्वावलंबी न होना कर्महीन व्यक्ति की निशानी है।
   C पराश्रित व्यक्ति अपंग के समान होता है।
   D स्वावलंबी व्यक्ति अपना हित कर सकता है।

67. शिशु को राष्ट्र की अमूल्य निधि किस प्रकार बनाया जा सकता है?
   A निर्बाध गति से उसे जोड़कर
   B निर्बाध गति से उसका चहुँमुखी विकास करके
   C निर्बाध गति से उसे आश्रित बनाकर
   D निर्बाध गति से उसे आगे बढ़ाकर

68. राष्ट्र का पुनीत कर्तव्य क्या है?
   A बच्चे में हीन भावना पनपने देना
   B बच्चे की सुकोमल भावनाओं को संभालना
   C बच्चे की भावना को सुरक्षित न रखना
   D बच्चे को स्वस्थ और सबल वातावरण प्रदान करना

69. बच्चे को संकीर्णता से उबारने के लिए क्या किया जाना चाहिए?
   A उसके भीतर दया का भाव जगाना चाहिए।
   B उसके भीतर मेरे और अपने का भाव जगाना चाहिए।
   C उसके भीतर हमारा और हमारी का भाव जगाना चाहिए।
   D उसके भीतर समाज सेवा का भाव जगाना चाहिए।

70. शिशु में 'हमारा' का भाव भरने पर क्या होगा?
   A अंत:करण जीवित हो जाएगा।
   B आध्यात्मिक चेतना जागेगी और अंत:करण का विकास होगा।
   C आध्यात्मिक चेतना को रास्ता मिलेगा।
   D उसके सोच में संकीर्णता और दृष्टि में व्यापकता आएगी।

**निम्नलिखित पद्यांशों के आधार पर दिए गए उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए-** (71-75)

यहां कोकिला नहीं, काक हैं शोर मचाते।
काले-काले कीट, भ्रमर का भ्रम उपजाते।।
कलियां भी अधखिली, मिली है कंटक-कुल से।
वे पौधे, वे पुष्प, शुष्क हैं अथवा झुलसे।।
परिमल हीन पराग दाग-सा बना पड़ा है।
हा! यह प्यारा बाग खून से सना पड़ा है।।
आओ प्रिय ऋतुराज! किंतु धीरे से आना।
यह है शोक-स्थान यहां मत शोर मचाना।।
वायु चले पर मंद चाल से उसे चलाना।
दुख की आहें संग उड़ाकर मत ले जाना।।
कोकिल गावे, किंतु राग रोने का गावे।
भ्रमर करे गुंजार, कष्ट की कथा सुनावे।।

71. बाग में कौन शोर मचा रहा है?
   A कोयल और कौवे
   B कोयल या कौवे
   C सिर्फ कौवे
   D कोयल नहीं सिर्फ कौवे

72. कलियों की स्थिति क्या है?

A वे अधखिली हैं।

B वे आधी खिली कांटों में छिपी हुई है।

C वे अधखिली कांटों में उलझी हुई हैं।

D वे सूख गई हैं।

73. कवि ऋतुराज से क्या प्रार्थना करता है?

A बाग में चारों ओर आने की

B बाग में धीरे से न आने की

C बाग में धीरे से आने की

D बाग की सुंदर सजाने की

74. हवा और कोयल से कवि क्या प्रार्थना कर रहा है?

A मंद न चलने की व गति गाने की

B मंद चलने व रोने का राग गाने की

C मंद चाल चलकर बाग में प्रवेश करने की

D मंद चाल से चलकर गीत गाने की

75. इस पद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

A वसंत का आगमन

B जलियावाला बाग में बसंत

C बाग में बसंत

D दुख से भरा बसंत

**निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर पूछे गए सही उत्तरों वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (76-80)**

ज्यों निकल कर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूंद कुछ आगे बढ़ी
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी,
आह! क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी?
दैव मेरे भाग्य में क्या है बदा,
मैं बचूंगी या मिलूंगी धूल में?
या जलूंगी फिर अंगारे पर किसी,
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में?
वह गई उस काल कुल ऐसी हवा
वह समुन्दर ओर आई अनमनी
एक सुन्दर सीप का मुंह था खुला
वह उसी में जा पड़ी मोती बनी।
लोग यों ही हैं झिझकते, सोचते
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर
किन्तु घर का छोड़ना अक्सर उन्हें
बूंद लौं कुछ और ही देता है कर।

76. एक बूंद कहां से निकलकर बढ़ी?

A आकाश से

B घर के भीतर से

C बादलों की गोद से

D मन के विचारों से

77. बूंद के भय का कारण था:

A ऊँचाई से गिरना

B पहली बार घर छोड़ना

C हवा के द्वारा बहाया जाना

D अंगारों की गर्मी

78. घर छोड़कर दूर जाने से क्या होता है?

A खतरों से भय होता है।

B जीवन में अच्छा परिवर्तन लाता है।

C अकेला कर देता है।

D हमें परिवार से बिछुड़ा देता है।

79. क्या होता यदि बूंद घर न छोड़ती:

A घर में मौज करती

B कमल के फूल का सौंदर्य देख पाती

C हवा के द्वारा झुलाई जाती

D मोती न बन पाती

80. काव्यांश का शीर्षक होगा:

A बूंद जब आगे बढ़ी

B मैं क्यों बढ़ी।

C अनमनी

D मोती बनी।

**निर्देश: निम्नलिखित अनुच्छेद में से कुछ शब्द निकाल दिये गए हैं। अनुच्छेद को पढ़कर उसका विषय समझिए और दिये गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए तथा निर्देशानुसार चिह्न लगाइए। (प्र. 81-90)**

मनुष्य सभी वस्तुओं का प्रतिमान है। केवल उसी को प्रकृति ऐसी है जिसमें पदार्थ से लेकर परमात्मा तक के प्रकृत स्वरूप के प्रत्येक स्तर का समावेश होता है। मनुष्य अपने - (1) - शरीर से अपने आप को पृथक कर सकता है और एक - (2) - चेतना को प्राप्त कर सकता है जो उसके - (3) - आत्म तत्व की प्रकृति दिशा है। अनवरत अभ्यास एवं - (4)-के द्वारा मनुष्य चाहे तो स्वयं को अपनी विशुद्ध सत्ता तक अथवा उस कर्ता तक जो अपने को सबसे - (5) - करता है, ले जा सकता है और उस व्यवधान हीनता तथा - (6) - की स्थिति में पहुंच सकता है, जिसमें जाकर सब - (7) - समाप्त हो जाते हैं। - (8) - धर्म का यह मूलभूत सत्य है कि हमारी आत्मा अपने - (9) - रूप में परमात्मा रूप का - (10) - करे और प्रबुद्ध होकर अपने को वही समझने लगे। यह समझना मनुष्य को 'एकोडाहं बहुस्याम' की स्थिति में पहुंचा देगा।

81. A पंचभौतिक

B आधिभौतिक

C आध्यात्मिक

D आधिदैविक

82. A विद्युत B विषम
C विरूद्ध D विशुद्ध

83. A अनिवासी B अविकारी
C अविनीत D अविघ्नम्

84. A संशय B संभव
C संयग D समय

85. A प्रतिबिम्बित B प्रतिष्ठित
C विशिष्ट D परिचालित

86. A एकपद B एकत्व
C एकतरा D एकचर

87. A उद्वेग B उपेन्द्र
C उदक D उत्थान

88. A आस्थापित B आदित्य
C आतिथ्यम् D आध्यात्मिक

89. A वार्तिक B वार्षिक
C वास्तविक D वाचिक

90. A उद्योग B अन्वेषण
C सर्वेक्षण D निरर्थक

91. निम्नलिखित विषयों पर लघु निबंध लिखिए- (15 + 15)
A क्या विश्वास सफलता की कुंजी है?
B कल न बन तू जिंदगी का आज बन कर जी

**91.** निम्नलिखित विषय पर लघु निबंध लिखिए- (15 **Marks**)

**A** क्या विश्वास सफलता की कुंजी है?

**91.** निम्नलिखित विषय पर लघु निबंध लिखिए- (15 **Marks**)

**B** कल न बन तू जिंदगी का आज बन कर जी